


## एक नजर में

### उज्जैन के शूटरों का शानदार प्रदर्शन

**उज्जैन ।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ओपी हारोड़ ने जानकारी दी कि गत दिनों महु में 7 से 14 अगस्त को आयोजित 28वीं मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी चैम्पियनशिप में नानाखेड़ा खेल परिसर प्रशिक्षण केन्द्र के शूटर कृष सिंह स्टैंडर्ड पिस्टल पुरुष वर्ग में 9वां स्थान तथा स्पोर्टस पिस्टल पुरुष वर्ग में 6वां स्थान, बुलबुल परमार स्पोर्ट पिस्टल महिला वर्ग में 6वां स्थान, शिवराज सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष और 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर पुरूष वर्ग में हिस्सा लिया तथा दोनो ही इवेंट में आगामी वेस्ट जोन निशानेबाजी चैम्पियनशि (प्री नेशनल) के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर पुरूष में 9वां स्थान और 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरूष में 24वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। साथ ही उक्त खिलाड़ियों के प्रशिक्षक विराज परिहार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) तथा स्टैडर्ड पिस्टल पुरुष वर्ग में 4था स्थान हासिल किया। विराज परिहार राष्ट्रीय और खेलों इण्डिया पदक विजेता खिलाड़ी रहे है। वर्तमान में विराज परिहार द्वारा नानाखेड़ा खेल परिसर उज्जैन स्थित शूटिंग प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षक के रूप में सेवाऐं प्रदान कर खिलाड़ियों को तैयार कर रहे है। खिलाड़ियों की उपरोक्त उपलब्धि पर ओ.पी. हारोड़ जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को बधाई दी गई एवं बताया कि राजमाता सिंधिया स्टेडयम में निर्मित शूटिंग रेंज अभी आरम्भ की गई है। जिसमें प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों की मेहनत से मात्र 6 माह में यह परिणाम आये है। निर्मित शूटिंग रेन्ज को और अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। जिसमें उज्जैन के कई शूटिंग खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकेंगे।



### दिव्यांगजनों के लिए हुई कार्यशाला

**उज्जैन ।** अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम उज्जैन में महात्मा अंकित की 41वीं जन्म जयंती पर 41 दिवसीय अंकितोत्सव अंतर्गत 34वें राष्ट्रीय वर्षा मंगल महोत्सव एवं मित्र मिलन महोत्सव के अवसर पर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र भारत शासन भोपाल द्वारा दिव्यांगजनों हेतु शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं की जागरूकता हेतु एक दिवसीय दिव्यांग जागरूकता कार्यशाला का शुभांरभ डॉ नरेंद्र कुमार निदेशक, सी आर सी भोपाल, सुधीर भाई गोयल संस्थापक अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम, डॉ. पूनम सिंह, व्याख्याता, चिकित्सा मनोविज्ञान, कुतुबुद्दीन नियाजी, पुनर्वास अधिकारी, नित्यानंद सामल, कृत्रिम अंग प्रत्यंग यंत्री, श्री श्याम सिंह मेवाड़ा, चलिष्णुता अनुदेशक की वरद उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत 1100 से अधिक दिव्यांगजनों के दैनिक दिनचर्या में आने वाली विविध कठिनाईयों के बारे में डॉ. नरेन्द्र कुमार ने विस्तृत चर्चा की एवं सीआरसी से आए प्रशिक्षकों ने उनके उपायों को साझा किया। इस अवसर पर कांता भाभी, मोनिका गोयल, गोरी गोयल, डॉ. सियाराम चैधरी, डॉ. अमन, डॉ. जीवन, डॉ. अर्पणा सहित आश्रम के साथीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार मोनिका गोयल ने माना।




### दम निकले इस देश की खातिर बस इतना...

**उज्जैन।** देश की आजादी की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जज़्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा राष्ट्र भक्ति गीतों की गौरवमयी स्वर संध्या का आयोजन किया गया। फरीद कुरैशी और मंसूर हुसैन ने बताया कि उन्हेल रोड स्थित गार्डन में राष्ट्रभक्ति के गीतों की गौरवमयी स्वर संध्या आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अल्फा बेट अकादमी के संचालक नईम खान ने आज़ादी के आंदोलन में शहीदों को याद करते हुए उनके बलिदान को सार्थक करने का प्रयास करने का आग्रह किया। अध्यक्षता करते हुए जज़्बा के अध्यक्ष इंजीनियर सरफराज कुरेशी ने कहा कि राष्ट्र भक्ति के गीत आज भी युवाओं को देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देते हैं। विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए ज़मीर उल हक ने कहा कि देशभक्ति के गीत भारतीय जनमानस की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर अमित शर्मा सिंगर ग्रुप के साथ संस्था सदस्यों ज़मीर उल हक, सरफराज कुरेशी, नईम खान, वसीम अब्बास, इंजीनियर जावेद कुरैशी, अत हर आलम अंसारी, समीर उल हक आदि ने भी राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर फैज़ जाफरी, असलम मंसूरी, इंसाफ कुरैशी, सलमान कुरैशी, अरशद खान, सरफराज हुसैन, शफीक खान, हारून नागौरी, भुरू शेख, इमरान खान, सादिक खान, इरशाद नागौरी, गुलरेज खान, जाकिर मंसूरी आदि भी उपस्थित थे।



### मप्र सेल्स संगठन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**उज्जैन ।** मध्यप्रदेश सेल्स संगठन उज्जैन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नानाखेड़ा से तिरंगा यात्रा निकाली। अजय प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र कुमार वेद आदि ने यहां पंडित दिनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की। पदम सिंह परिहार, अंकित ठाकुर, हरपाल सिंह चौहान, भूपेंद्र निगम, मुकेश भावसार ने राष्ट्रगान किया। यात्रा टावर चौक, देवास गेट, दौलतगंज, कंठाल, गोपाल मंदिर, गुदरी चौराहा होते हुए भारत माता मंदिर महाकाल पर समाप्त हुई। संचालन आशीष गंगवाल एवं चंद्रशेखर पाण्डे ने किया व आभार गिरीश मेहता ने माना।

### जनसुनवाई में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे

**उज्जैन ।** प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में प्रात: 11.00 से 01.00 बजे तक होने वाली जनसुनवाई में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी जिसमें अपर आयुक्त एवं उपायुक्त स्तर के अधिकारी जनसुनवाई में शामिल होकर नागरिकों द्वारा बताई गई नगर निगम से संबंधित विभागों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। यह निर्देश नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों को दिए गए। जिस क्रम में मंगलवार को नगर निगम में हुई जनसुनवाई में उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे द्वारा उपस्थित होकर नागरिकों द्वारा बताई गई शिकायतों का समाधान किया गया।

### उज्जैन जिले में औसत 12.0 मिमी वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 12.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 7.0 मिमी, घट्टिया 7.0 मिमी, खाचरौद 14.0 मिमी, नागदा 26.0 मिमी, बड़नगर 6.0 मिमी, महिदपुर 4.0 मिमी, झार्ड़ा 5.0 मिमी, तराना 37.2 मिमी और माकड़ौन 2.0 मिमी, वर्षा दर्ज की गईहै। 01 जून 2025 से लेकर आज दिनांक तक जिले में औसत 429.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में 499.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

# उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को मिलेगा गोल्ड मेडल, आज मुख्यमंत्री भोपाल में करेंगे सम्मानित

## उज्जैन का फिर बढ़ा मान, कई आईएएस अफसरों का भी नाम, विदिशा कलेक्टर रहते किया था उत्कृष्ट कार्य, उज्जैन में दूसरी बार पदस्थ हुए हैं

**उज्जैन। महाकाल बाबा की किस तरह से कृपा होती है इसके कई उदाहरण उज्जैन में अफसरों के कार्यकाल को देखने पर मिलता है। जिस तरह 2016 में पहली बार आशीष सिंह उज्जैन नगर निगम में अपर आयुक्त बने, उसके बाद निगम कमिश्नर बने, कलेक्टर बने और हाल फिलहाल सिंहस्थ मेला अधिकारी हैं। इस तरह रोशन कुमार सिंह नगर निगम में कमिश्नर रहे और अब कलेक्टर है और आज उन्हें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जा रहा है।**

नवभारत से चर्चा में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि विदिशा कलेक्टर रहते हुए संपूर्णता अभियान के तहत जो कार्य किए थे। उसी के तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आज सम्मान किया जाएगा। 51 से अधिक पॉइंट संपूर्णता अभियान में थे, जिसे बारी-बारी से हमने अक्षरश: पूर्ण किया हालांकि जो भी कार्य अब तक मिलते आया है उसे गंभीरता पूर्वक ही किया जाता है। जिस लगन से कार्य किया जा रहा है उससे ऐसा लगता है कि सिंहस्थ के निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण होंगे और जनता को सुविधा के साथ आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ भी मिलना सुनिश्चित होगा।



### उज्जैन कलेक्टर को सीएम देंगे गोल्ड मेडल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 अगस्त को भोपाल में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित करेंगे। रोशन कुमार सिंह ने विदिशा में कलेक्टर के रूप में संपूर्णता अभियान में उल्लेखनीय कार्य किया था। जिसमें उन्होंने आमजन की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। सिंह ने विदिशा में कलेक्टर के रूप में उन्होंने संपूर्णता अभियान में उल्लेखनीय कार्य किया। जिसमें आमजन की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। वर्तमान में उज्जैन कलेक्टर के रूप में कार्यरत रोशन कुमार सिंह ने शहर के विकास और प्रशासन कार्यो में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्योंकि उज्जैन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गृह नगर है। ऐसे में लगातार वीआईपी दौरे भी होते हैं, वहीं धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक आयोजन भी उज्जैन में बहुत होते हैं। सरकारी और राजनीतिक आयोजन भी उज्जैन में किए जाते हैं। ऐसे सिंहस्थ के कार्यों के साथ इन सब का तालमेल बैठाना एक बड़ी चुनौती है जिसमें रोशन कुमार सिंह शिद्दत के साथ लक्ष्य पर जुटे हुए हैं।

### कार्य के प्रति निष्ठा और समर्पण

20 अगस्त को होने वाले इस सम्मान समारोह में रोशन कुमार सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। जो उनके कार्य और निष्ठा का प्रतीक होगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 7 जिलों के कलेक्टर्स को बुधवार सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में गोल्ड मेडल के लिए चयनित किया गया हैं। जिसमें वर्तमान और तत्कालीन दोनों कलेक्टर्स को गोल्ड मेडल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए जाएंगे। संपूर्णता अभियान नीति आयोग द्वारा शुरू की गई एक पहल है। जिसमें राज्य के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक को सामाजिक आर्थिक आधार पर संकेतकों से प्रभावित कर सुधारीकरण की दिशा में कार्य करना होता हैं। जिलों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य प्रशासनिक क्षमता का बेहतर प्रदर्शन करना होता हैं। जनसंपर्क में संचालक और निगम आयुक्त के रूप में रोशन सिंह के अनुभव काफी रहे है। उन्होंने जनसंपर्क भोपाल में और उज्जैन नगर निगम में निगम आयुक्त के रूप में भी कार्य किया है। जिससे उन्हें प्रशासनिक और जनसंपर्क कौशल में महारत हासिल है। उज्जैन की भौगोलिक जानकारी भली भाती उन्हें है।

# पेट्रोल डालकर पिता को जलाने वाला पुत्र आया पुलिस की गिरफ्त में

**उज्जैन। प्याज कम भाव में बेचने की बात पर हुए विवाद में पुत्र ने पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। परिवार ने जलते पिता को बचाया और अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर 24 घंटे में पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।**

मामला बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम जाफला का होना सामने आया है। 18 अगस्त को चंदाबाई हाडा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह पुत्र राजेंद्र सिंह 10 कट्टे प्याज के बदनावर मंडी लेकर गया था। शाम को लौटा तो पांच कैट वापस ले आया। पिता भूरे सिंह ने पांच प्याज के कट्टे वापस लाने का कारण पूछा तो राजेंद्र ने कहा कि भाव कम था। पिता ने पांच कट्टे बेचने की बात पूछी तो गाली गलौज शुरू कर दी। पिता ने विरोध किया तो राजेन्द्रसिंह ने अपने हाथ मे लिये पानी वाली बोतल मे भरा पेट्रोल पिता भूरेसिह के चेहरे पर डाल कर लाईटर से आग लगा दी। चंदाबाई ने बताया कि पति को जलते देखा उसने पोती के साथ मिलकर तुरंत बीच बचाव कर कंबल डालकर आग बुझाई। जलने से मेरे पति के चेहरे पर जगह-जगह जलने के निशान हो गये। फिर मेरा लडका राजेन्द्रसिंह बोला की आज के बाद प्याज के भाव के संबंध में पूछा तो जान से खत्म कर दूंगा। मेरे पति भूरेसिह लकवाग्रस्त होकर एक हाथ से अपंग है तथा स्पष्ट रूप से बोल नहीं पाते हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार के अनुसार मामले में पुत्र राजेंद्र सिंह के खिलाफ प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। मंगलवार को घर से भागे राजेंद्र सिंह की सूचना मिलने उसके गांव में घेराबंदी कर गिरफ्तारी कर ली गई। जिसे दोपहर बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पिता को जलाने वाले पुत्र को गिरफ्तार करने में सहायक उप निरीक्षक सुनील देवके, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य और नितेश रायकवार की भूमिका रही।



### हिरासत में आया जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी

उज्जैन। 4 दिन पहले डी मार्ट के पीछे ठेकेदार पर हुए जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। हमले में तीन आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। नागझिरी थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पीछे अगर के रहने वाले पप्पू गोसर पर चार दिन पहले चाकू से कुछ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था। हमले के बाद सामने आए फुटेज में पांच युवाओं को के साथ एक महिला भी दिखाई दी थी। पुलिस ने सभी की तलाश शुरू की थी इस बीच एक हमलावर सुमित उर्फ राजा को नीलगंगा पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया था। जिसे अवैध हथियार रखने के मामले में जेल भेज दिया गया है। वहीं अब नागझिरी पुलिस ने दूसरे आरोपी सोनू उर्फ संजय काछी निवासी एकता नगर नीलगंगा को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक आरपी वेद बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। हमले का मुख्य आरोपी सुमित होना सामने आया है जेल से पूछताछ के लिए थाने लाया जाएगा। न्यायालय से उसका प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया जा रहा है। हमले में फरार चल रहे अन्य साथी और महिला की तलाश की जा रही है। विदित हो कि हमले में घायल पप्पू निजी अस्पतालों में सफाई का ठेका लेता है उसने उज्जैन में भी ठेके ले रखे थे वह जाकर से उज्जैन आना-जाना करता था। हमले के पीछे फुटेज में दिखाई थी महिला वजह बनकर सामने आई है।


# साहब मुझे पीएम आवास दिलाएं

## कलेक्टर ने जनसुनवाई कर दिए निर्देश

**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष मे जनसुनवाई में आवेदकों की त्वरित समस्याओं का निराकरण करने के लिए तहसील में वीसी के माध्यम से और उपस्थित संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही चर्चा कर किया जाये। जनसुनवाई मे कलेक्टर के समक्ष आवेदक बनेसिंह पिता मांगूसिह ने आवेदन पत्र देकर निवेदन किया कि मेरी पुत्री कु. पूजा का शासकीय कन्या नवीन प्री मेट्रीक छात्रावास में आधार एवं स्कूल के सारे दस्तावेज में नाम अलग होने के कारण प्रवेश में परेशानी आ रही है। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त समस्या का निराकरण शीघ्रता से करें जिससे छात्रा का छात्रावास में प्रवेश हो सके।

जनसुनवाई में बड़नगर तहसील के ग्राम रणवा निवासी सुनिता पति गोपाल ने आवेदन पत्र देकर कलेक्टर के समक्ष अनुरोध किया कि उनके परिजन के द्वारा मारपीट एवं धमकी दी जा रही है। इस पर कलेक्टर ने उचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिये। जनसुनवाई मे महिदपुर रोड निवासी रेखाबाई पति शंकर लाल ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि उन्हें पीएम आवास योजना में मकान दिलवाया जाये। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम महिदपुर को निर्देश दिये कि संबंधित आवेदिका के आवेदन पर नियमानुसार कार्रवई सुनिश्चित की जाये। जनसुनवाई मे बड़नगर तहसील के ग्राम सुनेड़ा निवासी विनोद प्रजापत ने आवेदन पत्र देकर अनुरोध किया कि उनके द्वारा अंर्तजातिय विवाह होने के कारण अभी तक उन्हें प्रोत्साहन राशि प्राप्त नही हुई। कलेक्टर ने इस संबंध मे संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर के अलावा जनसुनवाई एडीएम शाश्वत शर्मा, अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह, एसडीएम ग्रामीण कृतिका भीमावद, एसडीएम कोठी महल पवन बारिया, डिप्टी कलेक्टर एसएन सोनी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कटचौक के स्थान पर किए गए अवैध निर्माण को निगम द्वारा जेसीबी से हटाया




**उज्जैन।** झोन क्रमांक 05 वार्ड क्रमांक 43 स्थित पाटीदार ब्रिज के पास सर्व मांगलेश्वरी माता मंदिर तात्या तोपे मार्ग पर सर्व संबंधित शहजाद एहमद पिता अबजल एहमद द्वारा कटचौक के स्थान पर बिना अनुमति के अवैध निर्माण करते हुए छत हाइट तक पक्का निर्माण कर लिया गया था। सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जानकारी लेते हुए अवैध निर्माण को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, सहायक यंत्री रवि राठौर, भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी, रिमूवल गैंग कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निगम ने किया शाही सवारी का स्वागत

**उज्जैन।** सोमवार को बाबा महाकाल की शाही सवारी का स्वागत एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, सुगन बाबूलाल बाघेला, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद पंकज चौधरी, हेमंत गहलोत, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम गौड, जनसम्पर्क अधिकारी पवन कुमार द्वारा गोपाल मंदिर स्थित मंच के माध्यम से पुष्प वर्षा करते हुए किया गया।

# शहर में अवैध निर्माण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे

## भवन निर्माण अनुज्ञा की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**उज्जैन। शहर में अवैध निर्माण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, अवैध निर्माण से शहर की छवि धूमिल होती है जिन अवैध निर्माणों को रोकने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं उन पर कार्रवाई होना चाहिए। इसलिए आप सभी भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक अपने जोन क्षेत्र में भवन निर्माण अनुज्ञा की जांच करेंगे। यह बात मंगलवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कही गई।**

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा मंगलवार को भवन निर्माण एवं अनुज्ञा शाखा की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम अधिकारियों से जानकारी ली गई कि किन अधिकारियों द्वारा जोन में भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक का दायित्व संभाला जा रहा है, आपने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में अवैध निर्माण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जितने भी अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाना है उन पर कार्रवाई करें एवं भवन निर्माण से संबंधित अनुज्ञा के आवेदन लंबित ना रहे इस बात का भी ध्यान रखा जाए।



शहर के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत इस बात का ध्यान रखा जाए की चौड़ीकरण कार्य होने के पश्चात मार्ग पर अवैध निर्माण ना हो जहां भी अवैध निर्माण पाया जाता है। संबंधित भवन स्वामी को सूचित किया जाए कि नगर निगम द्वारा जारी भवन अनुज्ञा के अनुरूप ही निर्माण कार्य किया जाए। बिना अनुमति के जो निर्माण किया जाएगा उसे निगम द्वारा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए अधिकारियों को निरंतर फील्ड में घूमना पड़ेगा एवं सिंहस्थ क्षेत्र में विशेष कर ध्यान रखना होगा ताकि अवैध निर्माण ना हो।

शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गो पर जितने भी गिराऊ एवं जर्जर भवनों को चिन्हित किया गया है उन पर कार्यवाही की जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि ना हो।

बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, सहायक यंत्री डीएस परिहार, राजकुमार राठौर, दीपक शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद साहू, राकेश वास्कले एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

**बछ बारस आज** — दोपहर में होगी शयन आरती, महिलाएं करेंगी गायों का पूजन

# आज मनाई जाएगी बछ बारस, गोपाल मंदिर में फूटेगी मटकी



**नवभारत न्यूज**

**उज्जै।** जन्माष्टमी के बाद आज बुधवार को बछ बारस का पर्व मनाया जाएगा। सिंधिया ट्रस्ट के श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में मटकी फोड़ी जाएगी व दोपहर में शयन आरती की जाएगी। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव के बाद यहां बारस तक प्रतिदिन शयन आरती नहीं की जाती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिशु होते है और बार-बार जागते है, बार-बार सोते है। इसलिए शयन नहीं कराते हैं। बारस पर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर दोपहर में 12 बजे माखन-मिश्री से भरी मटकी फूटने के बाद दिन में शयन आरती की जाएगी। इसके अगले दिन से रात में शयन आरती का क्रम शुरू होगा। बारस पर महिलाएं मंदिरों, आश्रमों और गोशालाओं में जाकर गाय और बछड़ों का पूजन भी करेगी। महाकाल मंदिर में मंगलवार को नई दिल्ली से आए भक्त अजय, जय महाकाल ग्रुप के तहत चांदी का एक मुकुट, एक सूर्य किरण व नाग कुंडल दान किए। जो 2998.200 ग्राम चांदी से बने है। मंदिर समिति के उप प्रशासक एसएन सोनी ने सामग्री प्राप्त कर दानदाता का सम्मान किया।

### महाकाल की शाही सवारी में राजकमल बैंड इंदौर ने दी शानदार प्रस्तुति

उज्जैन। धार्मिक नगरी उज्जैन में सावन भादौ मास के सोमवार को बाबा महाकाल की शाही सवारी बड़ी धूमधाम से निकल गई। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सवारी में शामिल होकर बाबा के दर्शन किए। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजकमल बैंड इंदौर के 101 कलाकारो द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी गई। सवारी के दौरान बैंड के सभी कलाकार धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे। सामाजिक संगठन द्वारा जगह-जगह बैंड के कलाकारों का स्वागत किया गया। बैंड के संयोजक कमल कामले एवं केशव कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा महाकाल की शाही सवारी में हमें बैंड बजाने का मौका मिलता है। हमेशा की तरह इस बार भी शाही सवारी में इंदौर के 101 कलाकारो शामिल हुए। जिन्होंने सवारी मार्ग पर मधुर धुनों से भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी और सभी का मनमोहन किया। राजकमल बैंड इंदौर द्वारा पिछले 8 वर्षों से बाबा महाकाल की सवारी में अपनी सेवाएं दे रहा है। शाही सवारी के लिए पिछले कई दिनों से तैयारी की जाती है। राजकमल बैंड इंदौर के सात श्रद्धालु बाबा महाकाल के भजन मधुर धुन पर पूरे रास्ते भर सुनाते और गाते हुए चल रहे थे। सवारी के दौरान प्रमुख रूप से घनश्याम कामले, विष्णु कामले एवं शिवा कामले की टीम द्वारा विशेष रूप से सनातन धर्म के गीतों पर प्रस्तुति दी गई। राजकमल बैंड इंदौर की शानदार प्रस्तुति को देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहा।

### उज्जैन की बेटी का युगांडा में हुआ सम्मान



**उज्जैन।** नगर की बेटी शारदा कीर्ति का युगांडा अफ्रीका में 15 अगस्त पर भारत के उच्चायुक्त उपेन्द्र सिंह रावत ने सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने शारदा को प्रशस्ति पत्र व आकर्षक गिफ्ट देकर एक समारोह में सम्मानित किया। उज्जैन के डॉ. प्रवीण पंड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय उच्चायुक्त के दफ्तर में यह समारोह रखा गया था। जिसमें तमाम भारतीय व अफ्रीकी नागरिकों की मौजूदगी में समारोह हुआ। इस मौके पर बिटिया के पिता डॉ. सौरभ आनन्द व माता डॉ. कोमल थावरानी भी मौजूद थे जो कि वर्तमान में युगांडा की राजधानी कंपाला में डॉक्टर हैं।